vk/kfud jy fMCck dkj[kkuk] jk;cjyh

il foKfIr
01-02-2019

vkjfMdk u fd;k 152 dkp dk fjdkM ekfld mRiknuA

एम सी एफ ने जनवरी में 152 कोच बना कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस से पहले दिसम्बर 2018 में अधिकतम 144 कोच बनाने का रिकॉर्ड था। यह कारखाना वित्तीय वर्ष 2014–15 से, लगातार अपना उत्पादन दोगुना करता आ रहा है, जब यहाँ 140 कोच बनाए गए थे। फिर 2015–16 में 285 कोच, 2016–17 में 576 कोच और 2017–18 में 711 कोच बनाए गए। नवम्बर 2018 तक, अपनी 1000 कोच की स्थापित क्षमता को पीछे छोड, यह कारखाना तेजी से रेलवे बोर्ड द्वारा दिय गए 1232 कोच के उत्पादन लक्ष्य की ओर बढ़ रहा था।

दिसम्बर 2018 में, अपने दौरे में समबोधन दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एम सी एफ की पिछले चार वर्षो में, प्रगति की सराहना करते हुए, विश्वास व्यत्त किया था कि यहां से उत्पादित कोच संख्या, चालू वित्त वर्ष में, मार्च 2019 के अन्त तक, 1400 से आगे निकल जाएगी।

जनवरी के 152 कोच मिलाकर अब तक 1140 कोच इस वर्ष बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री जी की इस कारखाने से आशाओं को और टीम एम सी एफ के उत्साह को ध्यान में रखते हुए, महाप्रबंधक सुनीत शर्मा ने रेलवे बोर्ड को उत्पादन लक्ष्य समीक्षा व वृद्धि हेतु प्रस्ताव किया। रेलवे बोर्ड ने, पिछले वर्ष से दोगुना, 1422 कोच का निर्माण सुनिश्चित करने हेतु नया लक्ष्य मार्च 2019 तक पूरा करने हेतु, जारी किया है।

सुनीत शर्मा ने, टीम एम सी एफ की क्षमता में भरोसा व्यक्त किया है और कहा कि एम सी एफ के कर्मठ कर्मचारी पर्यवेक्षक और अधिकारी इस लक्ष्य को अवश्य ही पूरा करेंगे।

¼vkj-ih-'kek½
e[; tu&lEid vf/kdkjh